**गोलीकांड** कैमोर गोलीकांड के दोनों आरोपियों की भागते समय हुई पुलिस से मुठभेड़, पुलिस टीम पर गोली चलाने के जवाबी फायरिंग में घायल हुए दोनो, इलाज के लिए जबलपुर अस्पताल में कराए गए भर्ती

# हजारों नम आंखों ने दी भाजपा नेता को विदाई, आरोपियों को पुलिस ने मारी गोली







**नवभारत, कटनी।** जिले के कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक की गोली मारकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों को जबलपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। एएसपी डॉ संतोष डेहरिया ने बताया कि कैमोर हत्याकांड के आरोपी अकरम खान और प्रिंस जोसेफ के कजरवारा में होने सूचना मिली थी। इसके बाद मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की ओर से चार राउंड फायर किए गए। आरोपियों के पैर और हाथ में गोली लगी है। गौरतलब है कि आरोपियों ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कैमोर में भाजपा के पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गोली मार दी थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में एसपी अभिनव विश्वकर्मा ने कैमोर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौबे और प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल को लाइन अटैच कर दिया था। विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक ने बताया कि डीएवीवी स्कूल की एक छात्रा ने शिकायत की थी कि कोई मुस्लिम लड़का उनके साथ छेड़खानी करता है। नीलेश रजक उसे समझाने गए थे। उस दौरान विवाद और मारपीट हुई थी। मामला थाने पहुंचा था। दोनों पक्षों पर एफआईआर हुई, काउंटर केस बना। बाद में अकरम नाम के लड़के ने बोला था कि मैं तेरे को बीच चौराहे में गोली मारूंगा। डेढ़ महीने बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

### विधायक ने दिया कंधा

बुधवार को भाजपा नेता नीलेश रजक का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। अंतिम यात्रा भटिया मोहल्ला स्थित उनके निवास से निकाली गई। विधायक संजय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

### दिवंगत के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री

प्रदेश के परिवहन, स्कूल शिक्षा और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को कैमोर पहुंचे और यहां स्वर्गीय नीलेश रजक के भटिया मोहल्ला स्थित घर पहुंच कर शोक संतप्त परिजनों से भेंट किया और ढांढस बंधाया।

प्रभारी मंत्री ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त परिवार को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रभारी मंत्री ने स्वर्गीय नीजेश रजक की धर्मपत्नी सुचिता रजक और माता माया देवी रजक को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चिंता करते हुए मुझे यहां भेजा है।

साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि मध्यप्रदेश के अंदर किसी भी किस्म की नाजायज गतिविधि को न तो पुलिस बर्दाश्त करेगी और न ही सरकार बर्दाश्त करेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि घटना के दोनों आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। निचले स्तर तक जांच की जाएगी।

आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी और सह देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, एसडीएम विवेक गुप्ता सहित भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मौजूद रहे।

## एक नजर में



### मुकेश परौहा को बनाया गया कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष

**नवभारत, उमरियापान।** कांग्रेस कमेटी के सक्रिय कार्यकर्ता मुकेश परौहा को जिला कांग्रेस सेवा दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुकेश परौहा लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं। वे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि और कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिला ग्रामीण अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर रह चुके हैं। कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष बनने के बाद मुकेश परौहा ने कहा कि वे पार्टी के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा दल का उद्देश्य समाज की निस्वार्थ सेवा और संगठन को मजबूत करना है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर थाना स्तर पर होगी एकता दौड़

**नवभारत, कटनी।** राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने हेतु सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर 31 अक्टूबर को प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर सुबह 8 बजे से एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है। जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा होंगे। इस दौड़ में युवा, खिलाड़ी, नगर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाए, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी, विसबल वाहिनियों के पुलिस कर्मी भाग लेंगे। दौड़ का रूट लगभग 3 किलोमीटर रखा जाएगा। तय किए गए रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा और रूट को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। पीने के पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एड बॉक्स भी रखा जाएगा।

## बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने शुरू की गई प्रक्रिया

**सात दिन के अंदर प्रस्तुत की जा सकती है दावा-आपत्ति**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाने के लिए अधिसूचना के प्रारंभिक प्रकाशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस मामले में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर पारिषद बनाए जाने के संबंध में राजपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन के लिए नियंत्रक, शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय को पत्र प्रेषित भी कर दिया है।

प्रकाशन के लिए भेजी गई अधिसूचना में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने के लिए 7 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 19 ग्रामों को शामिल किया गया है।

नगर परिषद बहोरीबंद गठन के बाद इसका भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 5442 हेक्टेयर होगा। इसमें ग्राम पंचायत बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम ग्राम बहोरीबंद, बिछियाकाप, किशनपाटन का 814.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल, ग्राम पंचायत तिगवां के अंतर्गत ग्राम तिगवां, देवरी, खरगवां का 797.83 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत कूडन का 547.67 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत सिमरापटी के अंतर्गत ग्राम सिमरापटी, डुडसरा, कजरवारा का 757.78 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत सिन्दूरसी का 562.44 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत अमगवां के अंतर्गत ग्राम अमगवां, महगवां, मरवारी का 692.79 हेक्टेयर और ग्राम पंचायत मोहनियां के अंतर्गत ग्राम मोहनियां, सनकुई, सिजहरी, पटीखुर्द, महगवां का 1269.34 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल किया गया है।

राजपत्र में प्रकाशित होने के सात दिवस के अंदर कलेक्टर को लिखित आपत्ति और सुझाव दिया जा सकेगा। समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी। बताया गया है कि दावा-आपत्ति का सयम निर्धारित है, जिसे भी अपन सुझाव और दावा आपत्ति देनी है वह सात दिनों के अंदर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

## स्त्री के लिए पति की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है

**श्रीराम कथा के छठवें दिन किया गया चित्रकूट निवास का वर्णन**



**नवभारत, कटनी।** श्रीसीतारामाचार्य गोष्टी अंतर्गत श्री वेंकटेश सत्संग समिति कटनी के तत्वाधान में संतनगर रोड स्थित पुराने आयकर कार्यालय मे श्री राम कथा के छठवें दिवस व्यास पीठ पर विराजमान इटारसी से पधारे श्रीश्री 1008 स्वामी श्रीरामकृष्णाचार्य जी द्वारा भगवान श्री राम जी के चित्रकूट निवास का वर्णन करते हुए बताते हैं कि भरत जी के जाने के बाद भगवान के मन में यह बात आई कि ऋषि मुनि चित्रकूट छोड़कर जा रहे है और इस बात को जब उन्होंने ऋषि मुनियों से पूछा तब उन्होंने बताया कि राक्षसों के कारण हमारी पूजा में व्यवधान आ रहा है प्रभू ने यह सुन उनकी रक्षा का प्रण लिया। आगे अत्रि ऋषि के आश्रम में भगवान का आगमन हुआ जहा पर भगवान ने सीता जी से कहा कि वह माता अनसूया से उपदेश ग्रहण करें, अनसूया जी ने सीता जी को पतिव्रत धर्म का उपदेश किया। व्यास पीठ से बताया गया कि आज वास्तव में माता अनुसुइया ने सीता जी को जो उपदेश किया है वह माताओं को अपनी बेटीयो को अवश्य देना चाहिए। यह दिया जाएगा तो परिवारों में विघटन नहीं होगा। एक पतिव्रता स्त्री के लिए पति की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। आज आत्महत्या की घटना बढ़ रही है इसका क्या कारण है हमें इस पर विचार करना चाहिए, इसे समझने की कोशिश करना चाहिए। व्यास पीठ से स्वामी रामकृष्णाचार्य जी द्वारा कथा में आगे माता सीता हरण का वर्णन करते हुए बताया कि आज महिलाओं को अपनी मर्यादाओं का पालन करना बहुत आवश्यक है, मर्यादा लांघने पर हर जगह रावण हरण के लिए उपस्थित है। कथा में जटायु मोक्ष्य का वर्णन के बाद माता सबरी जी के चरित्र का वर्णन किया और बताया कि यदि शबरी जी जैसा प्रेम होगा तो भगवान स्वयं चलकर आपके घर भोजन ग्रहण करने आएंगे। अगले दिवस श्रीराम हनुमान मिलन, सुग्रीव शरणागति के प्रसंगों की कथा का वर्णन किया जाएगा। श्री वेंकटेश सत्संग समिति द्वारा संपूर्ण नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का की बात कही है।

## ट्रक से अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी 15 लाख रूपए की शराब

**एनकेजे पुलिस ने बायपास में कार्रवाई कर जब्त किया ट्रक**



**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहला बायपास से बड़वारा की ओर जा रहे एक ट्रक से पुलिस ने काफी मात्रा में शराब जब्त की है। शराब की कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए अनुसार जुहला बायपास से बड़वारा की ओर जा रहे एक ट्रक को रोका। ट्रक की तलाश ली गई तो उसमें काफी मात्रा में शराब रखी हुई मिली। पुलिस ने लगभग 12 सौ कार्टून में रखी 10 हजार 584 लीटर शराब जब्त कर ली है। शराब की कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के बरहा गांव निवासी ट्रक चालक शैलेन्द्र पिता अजय राम कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, गणेश दत्त मिश्रा की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार को रोकने के लिए ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है।

## जिले में बढ़ते अपराधों पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**शहर और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने एसपी को लिखा पत्र**

**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस ने जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताई है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह और शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखकर बताया है कि जिले में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं चाकू बाजी की घटना आम बात हो गई है। इर वारदातों से आम नागरिक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने एक दिन पहले कैमोर में दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या का उल्लेख पत्र में किया हे। साथ ही हत्या और आत्महत्या पर गहरा दुख भी व्यक्त किया है। पत्र में स्कूली छात्राओं की सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की है। कांग्रेस द्वारा यह भी कहा गया है कि जिले की कई पुलिस अधिकारी और आरक्षक लाखों की कार, लाखों की बाइकों से चलते हैं और वहीं लाख रुपए की घड़ी पहनते हैं आखिर इतना बड़ा खर्च किस कमाई से वहन करते है आखिर पुलिस के पास इतनी कमाई कहा से आती है क्या यह सब सत्ता के संरक्षण में चल रहा है, इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इसी तरह हाल ही में जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र और अब कैमोर थाना क्षेत्र में धार्मिक उन्माद की स्थिति क्यों बन रही है। क्या ये सब घटनाक्रम सत्ता के संरक्षण में हो रही है। इन सब मामलों की गंभीरता से जांच कराया जाना चाहिए। साथ ही जिले में ड्रग्स, अवैध शराब की पैकारी, जुआ सट्टा जैसे अपराध हो रहे हैं, सभी रोक लगाने की मांग की गई है, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे, इन्हीं सब अपराधों की वजह से जिले की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है।

## फरार आरोपी को पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार

**बहोरीबंद और बाकल थाने की पुलिस ने कार्रवाई**



**नवभारत, बहोरीबंद।** जिले के बहोरीबंद थाने में दर्ज आपराधिक मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया बहोरीबंद थाना अंतर्गत पठानी मोहल्ला निवासी समीम पिता सलाम खान के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन समीम फरार चल रहा था। इस बीच जानकारी मिली कि आरोपी अपने घर में है। जिसके बाद बहोरीबंद थाने और बाकल पुलिस थाने की पुलिस टीम ने उसे घरसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में बहोरीबंद थाना प्रभारी, बाकल थाना प्रभारी, एसआई धनंजय पांडेय, एएसआई अनुराग पाठक, प्रधान आरक्षक सुनील बागरी, रमेश सिंह, आरखक कोमल, बृजेश सिह, अतुल जैन, शिव, कमलकात की भूमिका रही।

## धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए सरकार, बिजली व्यवस्था में करें सुधार

**बहोरीबंद किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, बाकल।** बहोरीबंद किसान यूनियन द्वारा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों ने पराली जलाने पर की जा रही सख्त कार्रवाई, धान के समर्थन मूल्य, खराब बिजली व्यवस्था जैसे मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई से किसान अत्यधिक भयभीत हैं। शासन को चाहिए कि किसानों के लिए हैप्पी सीडर, रीपर, श्रेडर, मल्चर जैसी मशीनें रियायती दरों पर या नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएं, ताकि पराली नहीं जलाने के लिए विकल्प मौजूद हों। ज्ञापन में यह भी मांग भी की गई कि धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाए।

जिससे किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाए। जहां-जहां ट्रांसफार्मर खराब हैं, उन्हें जल्द बदला जाए, दिन के समय बिजली आपूर्ति बढ़ाने, ऋण पुनर्गठन और ब्याज माफी योजना का लाभ दिलाने, कृषि विभाग की सहायता राशि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग की। इस दौरान राकेश सिंह लोधी, नरेंद्र सैनी, अजय गर्ग, ताम सिंह, राजेंद्र प्रसाद, पुणेद्र लोधी, नरबद पटेल, भगवंत सिंह, काशीराम लोधी, रामनरेश, रमेश सहित काफी संख्या में किसानोंकी मौजूदगी रही।

**बैठक** सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा के प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री और लंबित मामलों की कलेक्टर ने की समीक्षा, दिए निर्देश

## किसानों से गांव जाकर करें संवाद, मशीन में स्टॉक की उपलब्धता देख करें भौतिक सत्यापन



**नवभारत, कटनी।** खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। गांवो मे जाएं तो किसानों से संवाद अवश्य करें। पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखें और इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए हैं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, टीएल पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे। कलेक्टर तिवारी ने प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड रीठी के नॉमिनेशन के लिए महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से तीन दिन जानकारी भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने कटनी विजन 2047 के तहत विभागों से जानकारी और सुझाव मांगे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में जिले को प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त करने पर सभी अधिकारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने पीएम किसान, नामांतरण, भुगतान और लाड़ली बहना योजना से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सीमांकन और अभिलेख दुरूस्ती के मामलों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा, राजस्व, जेल, श्रम, कृषि और पशुपालन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के डीडीओ को उनके विभाग में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष तौर पर नगर निगम की ई-केवाईसी की मौजूदा प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। इसी प्रकार खाद्यान्न ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने जानकारी दी कि बीते सप्ताह जिले में 15 हजार 842 हितग्राहियों की ई-केवाईसी की गई है। इस दौरान अक्टूबर माह में खाद्यान्न कम वितरित होने पर कलेक्टर ने माह के अंत तक शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, सभी जनपद पंचायतों, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अवमानना और उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इन प्रकरणों में समय पर जवाब देने के निर्देश दिए।

## दो नवंबर तक पूरा करें फोटो निर्वाचक नामावली कार्य

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने समस्त कार्यपालिक, न्यायिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत फोटो निर्वाचक नामावली के मैपिंग कार्य को 2 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि मैपिंग का अधूरे कार्य बीएलओ के माध्यम से 2 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूरे करें। मैपिंग से संबंधित आवश्यक डेटा बीएलओ एप्प में भी प्रदर्शित हो रहा है। यह कार्य टेबल वर्क और फील्ड वर्क दोनों रूपों में किया जाएगा। निर्देश में फोटो निर्वाचक नामावली कार्य को समय पर और गंभीरतापूर्वक पूरा करने के लिए अधिकारियों को समस्त बीईओ, बीआरसी, सीडीपीओ, राजस्व निरीक्षक और पटवारी से पूरा सहयोग लेने के लिए कहा गया है। सभी अधिकारियों को कार्य पूरी गंभीरात के साथ करने के लिए कहा गया है।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024